मुझे तू ही नज़र आये | by Deepak Baba

मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये
मेरे श्याम मुझे तू ही नज़र आये
अब छोड़ के खाटू धाम तेरी प्रेमी किधर जाए
मेरे श्याम तेरी प्रेमी किधर जाए
मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये
मेरे श्याम मुझे तू ही नज़र आये

गेरो ने ठुकराया अपने भी बदल गए हैं
हम साथ चले जिनके वो दूर निकल गए है
श्याम तेरे रेहम पर हूँ तू बख्शे या ठुकराए
मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये

माना के मैं पापी हूँ तुझे खबर गुनाहों की
बस इतनी सज़ा देना मुझे मेरी खताओं की
तेरे दर पे हो सर मेरा और स्वांस निकल जाए
मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये

हम श्याम प्रेमियों की क्या खूब तमन्ना है
तेरे नाम पे जीना है तेरे नाम पे मरना है
मरना तो है वो तेरी चौखट पे जो मर जाए
मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये

हारे के सहारे हो तुम श्याम हमारे हो
आ जाएँ जो खाटू धाम वारे फिर न्यारे हो
तेरी नज़रें करम हो तो गुरदास भी तर जाए
मुंह फेर जिधर देखु मुझे तू ही नज़र आये
मेरे श्याम मुझे तू ही नज़र आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-by-deepak-baba/